वेक्सो इंडिया 75 शिशु, किशोर व युवाओं को करेंगे मोमेंटो प्रदान, संथाल परगना से बीस का चयन

07/02/2025 शहर परिक्रमा

देवघर: सम्पूर्ण देश 26 जनवरी 2025 को 76वां गणतंत्र दिवस और संविधान लागू होने के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाया। स्थानीय विवेकानंद शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान तथा योगमाया मानवोत्थान ट्रस्ट के युग्म बैनर तले इस खुशी में देश के 75 शिशु, किशोर व युवाओं को करेंगे मोमेंटो प्रदान करने का निर्णय लिया है। इस पुनीत कार्य के लिए दीनबन्धु उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक काजल कांति सिकदार एवं भारती बुक सेलर्स के प्रबंध निदेशक निरंजन कुमार गुप्ता भी तन मन धन से भागीदारी निभा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, संथाल परगना से बीस प्रतिभागियों का चयन हुआ है जिसमें भारती विद्यापीठ की आकांक्षा सिंह, **देव संघ नेशनल स्कूल की श्रीणीता कर्मकार**, रमा देवी बाजला महिला महाविद्यालय की अनुप्रिया कुमारी, डीपीएस इंटरनेशनल स्कूल की अनमोल कुमारी, अनिल कुमार शकुंतला देवी आवासीय विद्यालय, मोहनपुर की कोमल राव, एकलव्य पब्लिक स्कूल की खुशी कुमारी, सनराइज द्वारिका ऐकैडेमी की सोनम श्री, डिप्सर कॉलेज ऑफ एडुकेशन की भवानी कुमारी, आशुतोष बालिका उच्च विद्यालय, रोहिणी की सृष्टि मिश्रा, बिहारी लाल सर्राफ प्लस टू उच्च विद्यालय, रिखिया के रामकृष्ण कुमार, ब्लू बेल्स स्कूल के ओम् कुमार, ग्रीन्डाले स्कूल की अवनि कुमारी, विवेकानंद मध्य विद्यालय की माही कुमारी, दीनबंधु उच्च विद्यालय की आयुषी राज, टिनी टॉट्स प्ले स्कूल की आराध्या केशरी, बड्स पैराडाइज स्कूल की साक्षी दुबे, किंडर रोज प्ले स्कूल, दुमका से पीहू प्रिशा, सैक्रेड हार्ट स्कूल, दुमका के सौम्य सौर्य का नाम सूचीबद्ध है। सभी विजेताओं को आगामी 23 फरवरी को पुरस्कृत किया जाएगा।